# एम.ए योगाचार्य प्रवेशपरीक्षा – सत्र 2022–23

## आवश्यक तिथियाँ

## IMPORTANT DATES

1. विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर आवेदन पत्र अपलोड करने की तिथि – 22.06.2022
2. विश्वविद्यालय की वैबसाइट से आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि –
4. विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र डाक द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि – 16.08.2022
5. प्रवेश परीक्षा की तिथि – निर्धारित नहीं है।
6. वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी अपलोड करने की तिथि –
7. अभ्यर्थियों के लिए प्रश्नगत आपत्तियां दर्ज करने की अन्तिम तिथि –
8. परीक्षा परिणाम तिथि (सम्भावित तिथि) –
9. प्रथम काउन्सलिंग तिथि –

आवश्यक सूचनाएं

- स्पीडपोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र ही स्वीकृत किये जायेंगे।
- प्रवेश परामर्श (काउसलिग) विश्वविद्यालय परिसर हरिद्वार में होगा।
- विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट देंखे www.usvv.ac.in

## एम.ए. योगाचार्य प्रवेश परीक्षा

आवेदन पत्र उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से डाउनलोड करके वित्त नियन्त्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पक्ष में निर्धारित शुल्क का डिमाड ड्राफ्ट बनाकर, अथवा विश्वविद्यालय के बैंक अकाउण्ट संख्या– 50100058601301 आई. एफ. एस. सी. – HDFC0000943 खाता धारक का नाम – उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार, बैंक – एच. डी. एफ. सी., हरिद्वार के खाते में ऑनलाइन / नेट बैंकिंग के द्वारा पैमेंट कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर कुलसचिव उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग, बहादराबाद, हरिद्वार पिनकोड 249402 के पते पर प्रेषित किया जाना चाहिए।

कुलसचिवः
उत्तराखण्ड–संस्कृत–विश्वविद्यालयः हरिद्वारम्
हरिद्वार–दिल्ली–राष्ट्रिय–राजमार्गः
पो0: बहादराबादं, हरिद्वारम् 249402, उत्तराखण्डम्

दी गई फीस लौटाई नहीं जायेगी।

# आवश्यक सूचनाएं हिन्दी में

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि पहले बुकलेट को ध्यान से पढ़े। इस पुस्तिका में अनेक प्रकार की सूचनाएं हैं जो प्रवेश से सम्बन्धित हैं।
2. आवेदन–पत्र में दी गयी सूचना का सत्यापन परीक्षा और प्रवेश के समय होगा। किसी भी प्रकार की असत्य सूचना देने पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा से वंचित करना/निरस्त करना भी इसमें शामिल है।
3. आवेदन–पत्र पर नाम व तिथि सहित फोटो साफ और नया लगाएं। तीन माह से पहले खिंचवाया गया फोटो पुराना माना जाएगा और परीक्षा के समय/प्रवेश के समय यदि फोटो नहीं मिलान करेगा तो परीक्षा से निष्कासन/कानूनी कार्यवाही अथवा/प्रवेश निरस्तीकरण भी संभव हो सकता है।
4. प्रवेश परीक्षा सत्र 2022–23 की वरीयता सूची केवल 2022–23 के लिए ही मान्य होगी।
5. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 20 जुलाई, 2022 सायं 5:00 बजे तक कुलसचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
6. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षर में आपका नाम अंग्रेजी के प्रथम अक्षर यथा SURESH=(S) अवश्य लिखा जाय तथा श्री/श्रीमती/कुमारी/डॉ0 न लिखा जाय।
7. छायाचित्रों को स्टेपल न करें, गोंद से चिपकाएं।
8. आवेदन पत्र उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से डाउनलोड करके वित्त नियन्त्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पक्ष में निर्धारित शुल्क का डिमाड ड्राफ्ट बनाकर, अथवा विश्वविद्यालय के बैंक अकाउण्ट संख्या– 50100058601301 आई. एफ. एस. सी. – HDFC0000943 खाता धारक का नाम – उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार, बैंक – एच. डी. एफ. सी., हरिद्वार के खाते में ऑनलाइन/नेट बैंकिंग के द्वारा पैमेंट कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर कुलसचिव उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग, बहादराबाद, हरिद्वार पिनकोड 249402 के पते पर प्रेषित किया जाना चाहिए।

प्रवेश पत्र सभी अर्ह छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निकालना होगा। प्रवेश के लिए योग्यता सूची बनाई जाएगी। जो कि विश्वविद्यालय में तथा वेबसाइट में प्रदर्शित की जायेगी।

5. आरक्षित स्थान

(1) एम.ए योगाचार्य पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय / सम्बद्ध महाविद्यालयों की निर्धारित छात्र संख्या 2000 है।

6.आवेदन से पूर्व ध्यान देने योग्य तथ्य–

1. केवल अर्ह छात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि कोई छात्र निर्धारित योग्यता के अभाव में भी पूर्व एम.ए योगाचार्य परीक्षा में सम्मिलित हो जाता है तो वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से इसके परिणाम के लिए उत्तरदायी होगा।
2. एम.ए योगाचार्य का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। विश्वविद्यालय / सम्बद्ध महाविद्यालयों में निर्धारित संख्या के अनुसार वरीयता क्रम से ही प्रवेश दिया जायेगा।
3. प्रवेशार्हता की जांच और आरक्षणादि के निश्चय का निर्णय विश्वविद्यालय मुख्यालय के अधीन है।
4. प्रवेश के विषय में विश्वविद्यालय के मा. कुलपति का निर्णय ही अन्तिम होगा।
5. न्यायिक विषयों में हरिद्वार न्यायालय का ही क्षेत्राधिकार होगा।
6. उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
7. एम.ए योगाचार्य परीक्षा में प्रवेश के समय प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश नही दिया जायेगा।

7. प्रश्नपत्रों की रूपरेखा–

प्रवेश परीक्षा '100' अंक की होगी जिसमें 100 अंको के 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

(क) सामान्य ज्ञान

(ख) समसामयिक जानकारियां

(ग) सामान्य वितर्क रिजनिंग

(घ) सामान्य योग्यता एप्टीटयूट

(ड) सामान्य संस्कृत

(च) योग एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सामान्य जानकारी

(छ) मानव शरीर की सामान्य जानकारी

(ज) योग की पृष्ठभूमि एवं योगियों का परिचय

(झ) भारतीय दर्शन की सामान्य जानकारी

परीक्षा तिथि– एम.ए योगाचार्य प्रवेश परीक्षा तिथि 31 जुलाई, 2022 (रविवार) को होगी।

प्रश्नपत्र की भाषा– प्रश्न पत्र हिंदी भाषा में होगा।

परीक्षा अवधि– एम.ए योगाचार्य प्रवेश परीक्षा की अवधि 02:00 घण्टे की होगी, जिसमें 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

8. प्रवेश परीक्षा हेतु निर्देश :–

परीक्षा–कक्ष में प्रवेश हेतु परीक्षा केन्द्र के नामोल्लेख सहित प्रवेश पत्र प्रार्थी 20 जुलाई, 2022 के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं।

# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार

1. परिचय–

उत्तराखण्ड शासन ने अधिसूचना संख्या 486/विधायी एवं संसदीय कार्य/2005 द्वारा उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की। राज्य स्थापना के पूर्व प्रदेश के वे समस्त संस्कृत महाविद्यालय जो सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गए। उत्तराखण्ड भारत गणराज्य का एक मात्र राज्य है जिसने संस्कृत को दूसरी राजभाषा घोषित किया है। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय संस्कृत विद्या केन्द्र के रूप में सुपरिचित अग्रणी संस्था है। जिसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय के रूप में यह विश्वविद्यालय स्थापित है। विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में योग छात्राध्यापकों के माध्यम से संस्कृत शिक्षा, एक नवीन दिशा को प्राप्त करेगी। शिक्षाशास्त्री कक्षा में प्रवेश पूर्व एम.ए योगाचार्य परीक्षा के माध्यम से होगा। परीक्षा का माध्यम केवल संस्कृत ही होगा।

2. एम.ए योगाचार्य पाठ्यक्रम

योगाचार्य पाठ्यक्रम की अवधि दो शैक्षिक वर्ष है। शिक्षण एवं परीक्षा का माध्यम केवल हिंदी है। आवेदन पत्र भरते समय आवेदक भली भांति विचार करने के उपरान्त ही आवेदन करें। प्रवेश के बाद शिक्षण और परीक्षा दोनों ही हिंदी माध्यम से होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का नियमित अध्ययन अनिवार्य है। नियमित पाठयक्रम से तात्पर्य है :–

विद्यार्थी उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसर में दो शैक्षिक वर्ष में दिये गये कक्षा व्याख्यानों मे से न्यूनतम 75 प्रतिशत व्याख्यानों में उपस्थित रहेगा। सम्पूर्ण अवधि मे केवल बीस दिन का अवकाश (आकस्मिक तथा रुग्णावकाश) नियमानुसार कुलपति तथा विभागाध्यक्ष की विशेष अनुमति से ही दिया जा सकता है। बिना सूचना तथा अनुमति के दस दिन लगातार अनुपस्थिति के कारण छात्र का नाम काटा जा सकता है।

2.एम.ए.योगाचार्य परीक्षा के लिए न्यूनतम योग्यता –

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 10+2+3 वर्षीय पाठ्यक्रम में स्नातक किसी भी शाखा से तत्समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत प्राप्तांक सहित उत्तीर्ण।

आवेदन पत्र के साथ अर्हता–परीक्षा में उत्तीर्ण होने के प्रमाण संलग्न होने चाहिए। यदि परीक्षाफल घोषित न हुआ हो तो प्रवेश के समय साक्षात् अथवा गोपनीय परिणाम सम्बन्धित प्रमाणपत्र आदि विश्वविद्यालय परिसर में जमा करने पर ही प्रवेश दिया जायेगा अन्यथा प्रवेश की अर्हता निरस्त हो जायेगी।

अप्रकाशित परीक्षा परिणाम वाले अभ्यर्थियों के अस्थायी प्रवेश पर विचार किया जायेगा

टिप्पणी – (1) आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों (एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी.) आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) छात्रों व विकलांग छात्रों के प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता में नवीन शासनादेशानुसार छूट प्रदान की जायेगी।

(2) परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा जो अर्हता सम्बन्धी अपने मूल प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों को प्रवेश के समय प्रस्तुत कर सकेंगे।

3.परीक्षाकेन्द्र

एम.ए योगाचार्य प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय मुख्यालय हरिद्वार के केन्द्रों पर होगी। केन्द्र निर्धारण का अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा ही किया जायेगा। केन्द्रनिर्धारण के बाद कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

4.चयन विधि

एम.ए योगाचार्य कक्षा में प्रवेश, योगाचार्य प्रवेश परीक्षा नामक लिखित परीक्षा द्वारा होगा । प्रवेश चाहने वाले सभी छात्र–निर्धारित आवेदन–पत्र पर आवेदन करें। सभी अर्हता प्राप्त प्रत्याशियों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होना पड़ेगा।

प्रवेश पत्र खो जाने / नष्ट हो जाने पर द्वितीय प्रतिलिपि 20/– रू0 शुल्क देकर परीक्षा केन्द्र से प्राप्त की जा सकती है। एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर प्रवेश पात्रता रद्द कर दी जायेगी।

12.(अ) आवेदन पत्र के साथ आवश्यक संलग्नक पत्र –

1. आयु सूचक प्रमाण–पत्र की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि।
2. हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षा प्राप्तांक की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि।
3. आवेदन पत्र निर्धारित लिफाफे में डी डालकर प्रेषित करें।

(ब) आवेदन पत्र भेजने का क्रम

1. आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ हो।
2. आयुसूचक प्रमाणपत्र संलग्न हो।
3. प्राप्तांक की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न हो।
4. स्वास्थ्य विषयक प्रमाणपत्र (प्रवेश के समय) बाद में देना होगा।

विशेषः–

1. डाक के कारण होने वाले विलम्ब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

यदि कोई अभ्यर्थी असत्य तथ्यों के आधार पर या अन्य किसी उपाय से एम.ए योगाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है तो वास्तविकता सामने आने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।